airGurukul

Preparing Bharat, Empowering Futures

RRB ALP CBT 1 2025 Question Paper

16 February 2026 · Shift 2 · with Answer Key

75 questions | 75 marks | 60 minutes | +1 / −1/3

Hindi + English

Attempt this paper online – free

Real exam timer, instant score, all-India rank and detailed solutions in Hindi & English.

Scan · airgurukul.com/test-series

Call +91-7042559948 · www.airgurukul.com

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0l

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

Instructions

1. Total 75 questions (Mathematics 25, General Intelligence and Reasoning 40, General Science 8, General Awareness 2).
2. Each correct answer carries 1 mark; 1/3 mark is deducted for each wrong answer.
3. Answer key is given at the end. Detailed solutions: scan the QR code on the last page.

Section 1: Mathematics (Q1–25)

Q1. **Find the HCF of 24, 36 and 102.**

24, 36 और 102 का म.स.प. (HCF) ज्ञात कीजिए।

(A) 12
(B) 8
(C) 4
(D) 6

Q2. **The price of a product increases by 38% in the first year and then decreases by 20% in the second year. If the initial price of the product is ₹5,100, calculate the final price at the end of the second year.**

किसी उत्पाद का मूल्य पहले वर्ष में 38% बढ़ता है और फिर दूसरे वर्ष में 20% घटता है। यदि उत्पाद का प्रारंभिक मूल्य ₹5,100 है, तो दूसरे वर्ष के अंत में अंतिम मूल्य ज्ञात कीजिए।

(A) ₹5,720.80
(B) ₹5,630.40
(C) ₹5,490.60
(D) ₹5,570.20

Q3. **Two taps, A and B, can fill a cistern in 6 hours and 7.5 hours, respectively. Both the taps are opened for 2 hours and then B is turned off. How much time will A take to fill the remaining cistern?**

दो नल A और B एक टंकी को क्रमशः 6 घंटे और 7.5 घंटे में भर सकते हैं। दोनों नलों को 2 घंटे के लिए खोला जाता है और फिर B को बंद कर दिया जाता है। शेष टंकी को भरने में A कितना समय लेगा?

(A) 3.2 hours / 3.2 घंटे
(B) 2 hours / 2 घंटे
(C) $\frac{5}{3}$ hours / $\frac{5}{3}$ घंटे
(D) 2.4 hours / 2.4 घंटे

Q4. **A 628 m long train crosses a man walking at a speed of 10.1 km/h in the opposite direction in 12 seconds. What is the speed (in km/h) of the train?**

628 m लंबी एक रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 10.1 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 12 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) क्या है?

(A) 180.2
(B) 180.6
(C) 179.3
(D) 178.3

Q5. **A rectangular piece of paper is 44 cm long and 89 cm wide. A cylinder is formed by rolling the paper along its length. Find the curved surface area of the cylinder.**

कागज़ का एक आयताकार टुकड़ा 44 cm लंबा और 89 cm चौड़ा है। कागज़ को उसकी लंबाई के अनुदिश मोड़कर एक बेलन बनाया जाता है। बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(A) 3902 cm^2
(B) 3961 cm^2
(C) 3931 cm^2
(D) 3916 cm^2

Q6. **A cistern has two inlets I_1 and I_2 which can fill it in 16 hours and 20 hours, respectively. An outlet can empty the full cistern in 12 hours. If all the three pipes are opened together in the empty cistern, how much time will they take to fill the cistern completely?**

एक टंकी में दो इनलेट I_1 और I_2 हैं जो इसे क्रमशः 16 घंटे और 20 घंटे में भर सकते हैं। एक आउटलेट पूरी भरी टंकी को 12 घंटे में खाली कर सकता है। यदि खाली टंकी में तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टंकी को पूरा भरने में कितना समय लगेगा?

(A) $33\frac{6}{7}$ days / $33\frac{6}{7}$ दिन
(B) $34\frac{2}{6}$ days / $34\frac{2}{6}$ दिन
(C) $34\frac{2}{7}$ days / $34\frac{2}{7}$ दिन
(D) $36\frac{5}{6}$ days / $36\frac{5}{6}$ दिन

Q7. **A circle has a radius of 8 cm. A chord AB is drawn such that the distance from the centre O to the chord is 6 cm. What is the length of AB?**

एक वृत्त की त्रिज्या 8 cm है। एक जीवा AB इस प्रकार खींची गई है कि केंद्र O से जीवा की दूरी 6 cm है। AB की लंबाई क्या है?

(A) $4\sqrt{15}$ cm
(B) $2\sqrt{7}$ cm
(C) $4\sqrt{7}$ cm
(D) $8\sqrt{7}$ cm

Q8. **The area of a square is 6561 cm^2. Its perimeter is equal to the perimeter of a regular hexagon. What is the area (in cm^2) of the hexagon?**

एक वर्ग का क्षेत्रफल 6561 cm^2 है। इसका परिमाप एक सम षट्भुज के परिमाप के बराबर है। षट्भुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) क्या है?

(A) $4348\sqrt{3}$
(B) $4374\sqrt{3}$
(C) 4338
(D) 4404

Q9. **From the top of a tower, the angles of depression of two objects, on the ground on the same side of it are observed to be 60° and 30°, respectively, and the height of the tower is 450 m. The distance between the objects (in m) is:**

एक मीनार के शिखर से, उसकी एक ही ओर ज़मीन पर स्थित दो वस्तुओं के अवनमन कोण क्रमशः 60° और 30° देखे जाते हैं, और मीनार की ऊँचाई 450 m है। वस्तुओं के बीच की दूरी (m में) है:

(A) $450\sqrt{3}$
(B) $150\sqrt{3}$
(C) $100\sqrt{3}$
(D) $300\sqrt{3}$

Q10. **The price of an article was ₹1600. It increased by 10% in the first year and by 30% in the second year. What is the price (in ₹) of the article after two years?**

एक वस्तु का मूल्य ₹1600 था। यह पहले वर्ष में 10% और दूसरे वर्ष में 30% बढ़ा। दो वर्ष बाद वस्तु का मूल्य (₹ में) क्या है?

(A) 2288
(B) 2080
(C) 2248
(D) 1760

Q11. **A and B start a business by investing ₹40,000 and ₹60,000, respectively. At the end of the year, they earn a profit of ₹20,000. How much profit will A receive?**

A और B क्रमशः ₹40,000 और ₹60,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। वर्ष के अंत में, वे ₹20,000 का लाभ अर्जित करते हैं। A को कितना लाभ मिलेगा?

(A) ₹8,000
(B) ₹7,500
(C) ₹9,000
(D) ₹8,500

Q12. **What sum (in ₹) will earn an interest of ₹480 in 2 years at 5% simple interest per year?**

कितनी राशि (₹ में) पर 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2 वर्षों में ₹480 का ब्याज प्राप्त होगा?

(A) 4600
(B) 5000
(C) 4950
(D) 4800

Q13. **If the mean of 15 numbers is 25 and one number 36.2 is removed from the numbers, then the mean of the remaining numbers is:**

यदि 15 संख्याओं का माध्य 25 है और उनमें से एक संख्या 36.2 को हटा दिया जाता है, तो शेष संख्याओं का माध्य है:

(A) 20.8
(B) 21.9
(C) 24.2
(D) 20.1

Q14. **If $2x + 3y = 11$ and $xy = 2$, find the value of $4x^2 + 9y^2$.**

यदि $2x + 3y = 11$ और $xy = 2$ है, तो $4x^2 + 9y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

(A) 101
(B) 97
(C) 109
(D) 117

Q15. **Vineet buys a juicer for ₹5,400. He wishes to gain a profit of 20% after offering a discount of 10% on the marked price to his customer. What should be the marked price (in ₹) for this purpose?**

विनीत ₹5,400 में एक जूसर खरीदता है। वह अपने ग्राहक को अंकित मूल्य पर 10% की छूट देने के बाद 20% का लाभ प्राप्त करना चाहता है। इसके लिए अंकित मूल्य (₹ में) क्या होना चाहिए?

(A) 7,150
(B) 7,050
(C) 7,100
(D) 7,200

Q16. **On a certain sum, at the same rate of interest, the simple interest is ₹66 and compound interest is ₹69 for 2 years. What is the sum (in ₹)?**

किसी राशि पर, समान ब्याज दर पर, 2 वर्षों के लिए साधारण ब्याज ₹66 और चक्रवृद्धि ब्याज ₹69 है। राशि (₹ में) क्या है?

(A) 358
(B) 363
(C) 356
(D) 367

Q17. **A shopkeeper bought 50 mangoes at ₹10 each. He sold 30 mangoes at a profit of 20% and the remaining 20 mangoes at a loss of 10%. What is his overall profit or loss percentage?**

एक दुकानदार ने ₹10 प्रति आम की दर से 50 आम खरीदे। उसने 30 आम 20% लाभ पर और शेष 20 आम 10% हानि पर बेचे। उसका कुल लाभ या हानि प्रतिशत क्या है?

(A) 2% loss / 2% हानि
(B) 6% loss / 6% हानि
(C) 4% profit / 4% लाभ
(D) 8% profit / 8% लाभ

Q18. **During a sale, 55% of the goods are sold at a 41% profit, 20% of the remaining goods are sold at a 19% profit and the rest are sold at a 21% loss. If there is an overall profit of x%, then what is the value of x?**

एक सेल के दौरान, 55% माल 41% लाभ पर बेचा जाता है, शेष माल का 20% भाग 19% लाभ पर बेचा जाता है और बाकी 21% हानि पर बेचा जाता है। यदि कुल लाभ x% है, तो x का मान क्या है?

(A) 15%
(B) 10.5%
(C) 12%
(D) 16.7%

Q19. **A and B invested in a business in the ratio 4 : 5. They earned a profit of ₹54,000. They shared one-half of the profit equally and the other half in proportion to their investment. Find the profit share of B.**

A और B ने एक व्यवसाय में 4 : 5 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने ₹54,000 का लाभ अर्जित किया। उन्होंने लाभ का आधा भाग बराबर-बराबर और शेष आधा भाग अपने निवेश के अनुपात में बाँटा। B का लाभ हिस्सा ज्ञात कीजिए।

(A) ₹28,500
(B) ₹25,750
(C) ₹27,550
(D) ₹26,650

Q20. **A student's marks were incorrectly entered as 34 instead of 70. Due to this, the average marks of the class got decreased by $\frac{4}{3}$. What is the number of students in the class?**

एक छात्र के अंक गलती से 70 के स्थान पर 34 दर्ज कर दिए गए। इसके कारण, कक्षा के औसत अंक $\frac{4}{3}$ कम हो गए। कक्षा में छात्रों की संख्या कितनी है?

(A) 23
(B) 27
(C) 28
(D) 32

Q21. **A shopkeeper marks a mobile phone 40% above its cost price. He then offers two successive discounts of 10% and 5% on the marked price. Find the profit percentage he makes on the cost price.**

एक दुकानदार एक मोबाइल फ़ोन पर उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक मूल्य अंकित करता है। फिर वह अंकित मूल्य पर 10% और 5% की दो क्रमिक छूट देता है। क्रय मूल्य पर उसके द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(A) 23%
(B) 19.7%
(C) 22.3%
(D) 21%

Q22. **What is the mode of the following data?**
86, 84, 71, 82, 82, 63, 84, 71, 70, 86, 88, 65, 71, 81, 87, 60, 60, 74, 78, 62, 75, 66, 68, 85, 72

निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक क्या है?
86, 84, 71, 82, 82, 63, 84, 71, 70, 86, 88, 65, 71, 81, 87, 60, 60, 74, 78, 62, 75, 66, 68, 85, 72

(A) 71
(B) 82
(C) 84
(D) 86

Q23. **A and B start a business by investing ₹29,000 and ₹95,000, respectively. B withdraws his investment after 6 months, and then C joins the business with an investment of ₹67,000 for the remaining period of the year. If 15% of the total profit is ₹6,600, what is B's share of the profit?**

A और B क्रमशः ₹29,000 और ₹95,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। B 6 महीने बाद अपना निवेश वापस ले लेता है, और फिर C वर्ष की शेष अवधि के लिए ₹67,000 के निवेश के साथ व्यवसाय में शामिल होता है। यदि कुल लाभ का 15% ₹6,600 है, तो B का लाभ हिस्सा क्या है?

(A) ₹19,000
(B) ₹20,000
(C) ₹20,500
(D) ₹19,500

Q24. **The value of** $8^2 + \sqrt{10^2} - 1\sqrt{16} - 5 =$

$8^2 + \sqrt{10^2} - 1\sqrt{16} - 5$ का मान है:

(A) 62
(B) 66
(C) 65
(D) 73

Q25. **Train A is 260 m long and crosses a platform of length 160 m in 28 seconds. Train B is 340 m long and passes a stationary man in 20 seconds. Both trains travel at constant speeds on parallel straight tracks. Find the time (in seconds) taken when the faster train completely overtakes the slower train while moving in the same direction?**

रेलगाड़ी A, 260 m लंबी है और 160 m लंबे प्लेटफ़ॉर्म को 28 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी B, 340 m लंबी है और एक स्थिर व्यक्ति को 20 सेकंड में पार करती है। दोनों रेलगाड़ियाँ समानांतर सीधी पटरियों पर स्थिर चाल से चलती हैं। एक ही दिशा में चलते समय तेज़ रेलगाड़ी को धीमी रेलगाड़ी को पूरी तरह पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

(A) 250
(B) 300
(C) 360
(D) 320

Section 2: General Intelligence and Reasoning (Q26–65)

Q26. **What should come in place of the question mark (?) in the given series based on the English alphabetical order?**
CAU JHB QOI XVP ?
अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
CAU JHB QOI XVP ?

(A) EDS
(B) ERT
(C) EWC
(D) ECW

Q27. **In a certain code language, 'SHAT' is coded as '4956' and 'ASHY' is coded as '3645'. What is the code for 'Y' in the given code language?**
एक निश्चित कूट भाषा में, 'SHAT' को '4956' और 'ASHY' को '3645' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'Y' का कूट क्या है?

(A) 5
(B) 4
(C) 3
(D) 6

Q28. **If 'P' stands for '×', 'Q' stands for '÷', 'R' stands for '–' and 'S' stands for '+', then what will come in place of the question mark (?) in the following equation?**
(12 P 3) Q 4 S 5 P 8 = ?
यदि 'P' का अर्थ '×', 'Q' का अर्थ '÷', 'R' का अर्थ '–' और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
(12 P 3) Q 4 S 5 P 8 = ?

(A) 53
(B) 49
(C) 41
(D) 62

Q29. **What should come in place of the question mark (?) in the given series based on the English alphabetical order?**
BAJ VUD POX JIR ?
अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
BAJ VUD POX JIR ?

(A) DFR
(B) DRF
(C) DLC
(D) DCL

Q30. **Refer to the following letter, symbol series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only.**
(Left) J @ € * Y % V % C I D % D H $ K © L E £ M C (Right)
How many such symbol are there, each of which is immediately preceded by a letter and also immediately followed by a letter?

निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला को देखें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(बाएँ) J @ € * Y % V % C I D % D H $ K © L E £ M C (दाएँ)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद भी एक अक्षर है?

(A) 5
(B) 6
(C) 8
(D) 7

Q31. **Refer to the following letter series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only.**
(Left) N G T X R K H V A W Z W U B R E C F K L Z (Right)
How many such vowels are there, each of which is immediately preceded by a consonant and also immediately followed by a consonant?

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला को देखें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(बाएँ) N G T X R K H V A W Z W U B R E C F K L Z (दाएँ)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद भी एक व्यंजन है?

(A) None / कोई नहीं
(B) One / एक
(C) Three / तीन
(D) Two / दो

Q32. **Refer to the following letter series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only.**
(Left) X H O Z N M W I C G I U S O R Y I Y V I H W (Right)
How many such vowels are there, each of which is immediately preceded by a consonant and also immediately followed by a consonant?

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला को देखें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(बाएँ) X H O Z N M W I C G I U S O R Y I Y V I H W (दाएँ)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद भी एक व्यंजन है?

(A) 6
(B) 5
(C) 8
(D) 7

Q33. **Seven boxes, A, B, C, D, E, F and G, are kept one over the other, but not necessarily in the same order. E is kept third from the bottom. G is kept immediately above E. Only two boxes are kept between G and A, but A is not kept in the lowermost position. B is kept immediately below A. Only two boxes are kept between C and F, and D is kept immediate below F. Which box is third from the top?**

सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, परंतु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। E नीचे से तीसरे स्थान पर रखा है। G, E के ठीक ऊपर रखा है। G और A के बीच केवल दो बक्से रखे हैं, परंतु A सबसे नीचे नहीं रखा है। B, A के ठीक नीचे रखा है। C और F के बीच केवल दो बक्से रखे हैं, और D, F के ठीक नीचे रखा है। ऊपर से तीसरे स्थान पर कौन-सा बक्सा है?

(A) C
(B) D
(C) F
(D) A

Q34. **Refer to the following number, symbol series and answer the question. Counting to be done from left to right only. All numbers are single-digit numbers.**
(Left) 4 3 1 2 $ 9 & 2 ? 4 @ 1 9 * 3 7 3 @ & < % (Right)
How many such symbols are there each of which is immediately preceded by another symbol and also immediately followed by a number?

निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला को देखें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है। सभी संख्याएँ एक अंक वाली हैं।
(बाएँ) 4 3 1 2 $ 9 & 2 ? 4 @ 1 9 * 3 7 3 @ & < % (दाएँ)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य प्रतीक है और ठीक बाद एक संख्या है?

(A) One / एक
(B) Three / तीन
(C) Two / दो
(D) None / कोई नहीं

Q35. **Select the venn diagram that best illustrates the relationship between the following classes.**
Rabbits, Ants, Lions

उस वेन आरेख का चयन कीजिए जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।
खरगोश, चींटियाँ, शेर

(A)
(B)
(C)
(D)

Q36. **Two sets of numbers are given below. In each set of numbers, certain mathematical operation(s) on the first number result(s) in the second number. Similarly, certain mathematical operation(s) on the second number result(s) in the third number and so on. Which of the given options follows the same set of operations as in the given sets? (NOTE: Operations should be performed on the whole numbers, without breaking down the numbers into their constituent digits. E.g. 13 – Operations on 13 such as adding to/subtracting from/multiplying with 13 can be performed. Breaking down 13 into 1 and 3 and then performing mathematical operations on 1 and 3 is not allowed.)**

6 – 36 – 72 – 144 ; 7 – 49 – 98 – 196

नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया(एँ) करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया(एँ) करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी तरह आगे भी। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए समुच्चयों की तरह संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है? (ध्यान दें: संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए, संख्याओं को उनके घटक अंकों में विभाजित किए बिना। उदाहरण के लिए 13 – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में विभाजित करके फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

6 – 36 – 72 – 144 ; 7 – 49 – 98 – 196

(A) 12 – 144 – 288 – 576
(B) 5 – 25 – 50 – 110
(C) 15 – 225 – 625 – 676
(D) 8 – 64 – 128 – 226

Q37. **A question is followed by two statements numbered (I) and (II). You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question. Read both the statements and select the most appropriate answer.**

Question:

Among 5 poles, I, L, O, M and D each having a different height, which pole is the tallest?

Statements:

(I) M is taller than L. L is taller than D.

(II) D is shorter than I but taller than O.

एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें।

प्रश्न:

5 खंभों I, L, O, M और D में से प्रत्येक की ऊँचाई भिन्न है, कौन-सा खंभा सबसे ऊँचा है?

कथन:

(I) M, L से ऊँचा है। L, D से ऊँचा है।

(II) D, I से छोटा है परंतु O से ऊँचा है।

(A) Data in both statements I and II together are not sufficient to answer the question. / कथन I और II दोनों के आँकड़े एक साथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(B) Data in both statements I and II together (and not statement I alone or statement II alone) are sufficient to answer the question. / कथन I और II दोनों के आँकड़े एक साथ (और न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

(C) Data in statement I alone is sufficient to answer the question while data in statement II is not. / अकेले कथन I के आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन II के आँकड़े नहीं।

(D) Data in statement II alone is sufficient to answer the question while data in statement I is not. / अकेले कथन II के आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I के आँकड़े नहीं।

Q38. **Read the given statements and conclusions carefully. Assuming that the information given in the statements is true, even if it appears to be at variance with commonly known facts, decide which of the given conclusions logically follow(s) from the statements.**
Statements:
All angry are birds.
Some angry are pigs.
Conclusion (I): Some birds are pigs.
Conclusion (II): All pigs are birds.

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी क्रोधी, पक्षी हैं।
कुछ क्रोधी, सूअर हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ पक्षी, सूअर हैं।
निष्कर्ष (II): सभी सूअर, पक्षी हैं।

(A) Only conclusion (II) follows / केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
(B) Both conclusion (I) and (II) follow / निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
(C) Only conclusion (I) follows / केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
(D) Neither conclusion (I) and (II) follows / न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q39. **Among five people named V, W, X, Y and Z, each has a different age. Z is older than Y but younger than W. X is older than V but younger than Y. Who among them is the second oldest?**

V, W, X, Y और Z नाम के पाँच व्यक्तियों में से प्रत्येक की आयु भिन्न है। Z, Y से बड़ा है परंतु W से छोटा है। X, V से बड़ा है परंतु Y से छोटा है। उनमें से दूसरा सबसे बड़ा कौन है?

(A) W
(B) X
(C) Z
(D) V

Q40. **If 'A' stands for '÷', 'B' stands for '×', 'C' stands for '+' and 'D' stands for '−', what will come in place of the question mark (?) in the following equation?**
159 C 60 A 12 B 11 D 203 = ?

यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
159 C 60 A 12 B 11 D 203 = ?

(A) 10
(B) 12
(C) 11
(D) 14

Q41. **Each of P, Q, R, S, T, U and V has an exam on a different day of a week starting from Monday and ending on Sunday of the same week. R has an exam on Friday. Only 2 people have an exam between R and Q. S has an exam immediately before U and P has an exam immediately after V. Only 2 people have an exam between T and U.**
Who has an exam on Monday?

P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है। R की परीक्षा शुक्रवार को है। R और Q के बीच केवल 2 व्यक्तियों की परीक्षा है। S की परीक्षा U से ठीक पहले है और P की परीक्षा V के ठीक बाद है। T और U के बीच केवल 2 व्यक्तियों की परीक्षा है।
सोमवार को किसकी परीक्षा है?

(A) S
(B) P
(C) T
(D) U

Q42. **BE 11 is related to AI 33 in a certain way. In the same way, HK 16 is related to GO 48. To which of the given options is SV 18 related, following the same logic?**

BE 11 किसी निश्चित प्रकार से AI 33 से संबंधित है। उसी प्रकार, HK 16, GO 48 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SV 18 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

(A) TY 55
(B) RZ 54
(C) TZ 65
(D) RY 55

Q43. **Refer to the following letter series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only.**
(Left) O K A E K J E E K R Y U V J M W O F E O Y A (Right)
How many such vowel are there, each of which is immediately preceded by a consonant and also immediately followed by a vowel?

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला को देखें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(बाएँ) O K A E K J E E K R Y U V J M W O F E O Y A (दाएँ)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद एक स्वर है?

(A) 3
(B) 5
(C) 4
(D) 2

Q44. **Refer to the following series and answer the question (All numbers are single digit numbers only. Counting to be done from left to right.)**
(Left) 9 1 7 5 1 1 4 7 2 1 9 5 4 8 5 6 6 8 7 6 8 1 5 7 6 2 8 (Right)
How many such odd numbers are there each of which is immediately preceded by an even number and also immediately followed by an even number?

निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली हैं। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी है।)
(बाएँ) 9 1 7 5 1 1 4 7 2 1 9 5 4 8 5 6 6 8 7 6 8 1 5 7 6 2 8 (दाएँ)
ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद भी एक सम संख्या है?

(A) 5
(B) 3
(C) 4
(D) 2

Q45. **In a certain code language,**
'A + B' means 'A is the son of B',
'A – B' means 'A is the brother of B',
'A × B' means 'A is the wife of B' and
'A ÷ B' means 'A is the father of B'.
Based on the above, how is T related to M if 'T × R – Y + G ÷ M'?

एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'T × R – Y + G ÷ M' है, तो T, M से किस प्रकार संबंधित है?

(A) Brother's wife / भाई की पत्नी
(B) Mother / माता
(C) Sister / बहन
(D) Brother's daughter / भाई की पुत्री

Q46. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-cluster pairs are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster pair DOES NOT belong to that group? (Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है? (ध्यान दें: असंगत का निर्धारण व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान के आधार पर नहीं है।)

(A) XY–ZA
(B) LM–MQ
(C) NO–PQ
(D) QR–ST

Q47. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-cluster pairs are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster pair DOES NOT belong to that group?**
(Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है? (ध्यान दें: असंगत का निर्धारण व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान के आधार पर नहीं है।)

(A) MJ - NK
(B) TQ - JI
(C) OL - PM
(D) VS - WT

Q48. **WURT is related to RPMZ in a certain way based on the English alphabetical order. In the same way, QNLG is related to LIGM. To which of the following is SPMH related, following the same logic?**

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर WURT किसी निश्चित प्रकार से RPMZ से संबंधित है। उसी प्रकार, QNLG, LIGM से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SPMH निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(A) NKHN
(B) NLIM
(C) MLHM
(D) MKIN

Q49. **Kamal starts from point X and walks for 3 m towards west. Then he takes a left turn and walks for 8 m. Then he takes a left turn again and walks for 10 m. Then, again, he takes a left turn and walks for 2 m. Once more he takes a left turn and walks for 7 m and stops at a point Y. Towards which direction should he walk in order to reach point A again? (All turns are 90-degree turns only unless specified.)**

कमल बिंदु X से शुरू करता है और पश्चिम की ओर 3 m चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 8 m चलता है। फिर वह पुनः बाएँ मुड़ता है और 10 m चलता है। फिर, एक बार और, वह बाएँ मुड़ता है और 2 m चलता है। एक बार फिर वह बाएँ मुड़ता है और 7 m चलकर बिंदु Y पर रुक जाता है। फिर से बिंदु A पर पहुँचने के लिए उसे किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

(A) West / पश्चिम
(B) East / पूर्व
(C) North / उत्तर
(D) South / दक्षिण

Q50. **D, E, F, G, K, L and M are sitting around a circular table, facing the centre of the table. F sits third to the left of K. Only one person sits between K and D when counted from the left of D. Only two people sit between L and E when counted from the right of E. G is an immediate neighbour of L. Who sits third to the right of M?**

D, E, F, G, K, L और M एक वृत्ताकार मेज़ के चारों ओर मेज़ के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। F, K के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। D के बाएँ से गिनने पर K और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E के दाएँ से गिनने पर L और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, L का निकटतम पड़ोसी है।
M के दाएँ से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(A) G
(B) D
(C) L
(D) F

Q51. **A, G, H, P, S, and Y live on six different floors of the same building. The lowermost floor in the building is numbered 1, the floor above it is numbered 2, and so on, until the topmost floor is numbered 6. H lives immediately above Y. Only two people live between P and Y. P lives on an odd-numbered floor. S lives immediately below G. Who lives on the topmost floor?**

A, G, H, P, S और Y एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंज़िलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंज़िल की संख्या 1 है, उसके ऊपर की मंज़िल की संख्या 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंज़िल की संख्या 6 है। H, Y के ठीक ऊपर रहता है। P और Y के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। P एक विषम संख्या वाली मंज़िल पर रहता है। S, G के ठीक नीचे रहता है। सबसे ऊपरी मंज़िल पर कौन रहता है?

(A) H
(B) P
(C) A
(D) S

Q52. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-cluster pairs are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster pair DOES NOT belong to that group? (Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है? (ध्यान दें: असंगत का निर्धारण व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान के आधार पर नहीं है।)

(A) FG-HI
(B) OP-IJ
(C) ST-UV
(D) WX-YZ

Q53. **Each of G, J, M, O, R, S and T has an exam on a different day of a week, starting from Monday and ending on Sunday of the same week.**
Only three people have exams between O and S. Only three people have exams between G and J. T has an exam on some day before R and on some day after M. Only J has an exam after S. Who has an exam on Thursday?

G, J, M, O, R, S और T में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
O और S के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। G और J के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। T की परीक्षा R से पहले किसी दिन और M के बाद किसी दिन है। S के बाद केवल J की परीक्षा है।
गुरुवार को किसकी परीक्षा है?

(A) M
(B) O
(C) G
(D) T

Q54. **A, B, C, D, E and F are sitting around a circular table, facing the centre. D sits to the immediate right of E. B sits to the immediate right of F. C sits second to the left of E. What is the position of A with respect to C?**

A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज़ के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। D, E के ठीक दाएँ बैठा है। B, F के ठीक दाएँ बैठा है। C, E के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। C के सापेक्ष A का स्थान क्या है?

(A) Immediate right / ठीक दाएँ
(B) Second to the left / बाएँ से दूसरा
(C) Third to the left / बाएँ से तीसरा
(D) Third to the right / दाएँ से तीसरा

Q55. **What will come in the place of '?' in the following equation, if '+' and '-' are interchanged and '×' and '÷' are interchanged?**
33 + 31 × 31 ÷ 2 - 49 = ?

यदि '+' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
33 + 31 × 31 ÷ 2 - 49 = ?

(A) 82
(B) 81
(C) 78
(D) 80

Q56. **Refer to the following letter series and answer the question that follows.**
(Left) M P L T V H B U I N G F D C R E W X L M P O T Y R C D S W Z X D F (Right)
How many letters are there in the letter series between the letter which is sixth from the right end and sixth from left end of the series?

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला को देखें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
(बाएँ) M P L T V H B U I N G F D C R E W X L M P O T Y R C D S W Z X D F (दाएँ)
श्रृंखला के दाएँ छोर से छठे और बाएँ छोर से छठे अक्षर के बीच श्रृंखला में कितने अक्षर हैं?

(A) 23
(B) 21
(C) 22
(D) 20

Q57. **In a code language, 'ONE' is coded as 9 and 'FOUR' is coded as 16. How will 'FIFTEEN' be coded in the same language?**

एक कूट भाषा में, 'ONE' को 9 और 'FOUR' को 16 लिखा जाता है। उसी भाषा में 'FIFTEEN' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(A) 49
(B) 18
(C) 24
(D) 36

Q58. **CPWG is related to HLZE in a certain way based on the English alphabetical order. In the same way, IMTE is related to NIWC. To which of the following is JOWF related, following the same logic?**

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर CPWG किसी निश्चित प्रकार से HLZE से संबंधित है। उसी प्रकार, IMTE, NIWC से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JOWF निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(A) PLZE
(B) OKZD
(C) OLYD
(D) PKYE

Q59. **What should come in place of ? in the given series?**
23 26 31 38 47 ?

दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
23 26 31 38 47 ?

(A) 60
(B) 58
(C) 59
(D) 57

Q60. **In this question, a question is followed by two statements numbered (I) and (II). You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question. Read both the statements and decide the appropriate answer.**
Among the five poles—R, A, M, E, and N—each having a different height, which one is the shortest?
(I) E is taller than only one pole. R is taller than A.
(II) E is taller than N.

इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर चुनें।
पाँच खंभों—R, A, M, E और N—में से प्रत्येक की ऊँचाई भिन्न है, कौन-सा सबसे छोटा है?
(I) E केवल एक खंभे से ऊँचा है। R, A से ऊँचा है।
(II) E, N से ऊँचा है।

(A) Both statements I and II together are NOT sufficient to answer the question / कथन I और II दोनों एक साथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(B) Data in statement I alone is sufficient to answer the question while data in statement II is not / अकेले कथन I के आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन II के आँकड़े नहीं
(C) Both statements I and II together (and not statement I alone or statement II alone) are sufficient to answer the question / कथन I और II दोनों एक साथ (और न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
(D) Data in statement II alone is sufficient to answer the question while data in statement I is not / अकेले कथन II के आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I के आँकड़े नहीं

Q61. **What should come in place of the question mark (?) in the given series?**
79 88 100 115 133 154 ?

दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
79 88 100 115 133 154 ?

(A) 170
(B) 181
(C) 175
(D) 178

Q62. **Akshita starts from Point A and drives 22 km towards North. He then takes a left turn, drives 17 km, turns left and drives 27 km. He then takes a left turn and drives 21 km. He takes a final left turn, drives 5 km and stops at Point P. How far (shortest distance) and towards which direction should he drive in order to reach Point A again? (All turns are 90-degree turns only, unless specified.)**

अक्षिता बिंदु A से शुरू करती है और उत्तर की ओर 22 km गाड़ी चलाती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है, 17 km गाड़ी चलाती है, बाएँ मुड़ती है और 27 km गाड़ी चलाती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 21 km गाड़ी चलाती है। वह अंतिम बार बाएँ मुड़ती है, 5 km गाड़ी चलाती है और बिंदु P पर रुक जाती है। फिर से बिंदु A पर पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

(A) 5 km to the east / पूर्व की ओर 5 km
(B) 5 km to the west / पश्चिम की ओर 5 km
(C) 4 km to the east / पूर्व की ओर 4 km
(D) 4 km to the west / पश्चिम की ओर 4 km

Q63. **A and D are married to each other. A is the mother of L. L is the husband of P. P is the mother of U. U is the sister of O. O is the only grandson of D. How is O related to L?**

A और D एक-दूसरे से विवाहित हैं। A, L की माता है। L, P का पति है। P, U की माता है। U, O की बहन है। O, D का इकलौता पोता है। O, L से किस प्रकार संबंधित है?

(A) Father / पिता
(B) Son / पुत्र
(C) Father's father / पिता के पिता
(D) Daughter / पुत्री

Q64. **49 is related to 99 following a certain logic. Following the same logic, 73 is related to 147. To which of the given options is 26 related, following the same logic?**
(NOTE: Operations should be performed on the whole numbers, without breaking down the numbers into their constituent digits. E.g. 13 – Operations on 13 such as adding/subtracting/multiplying to 13 can be performed. Breaking down 13 into 1 and 3 and then performing mathematical operations on 1 and 3 is not allowed.)

किसी निश्चित तर्क के अनुसार 49, 99 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 73, 147 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 26 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?
(ध्यान दें: संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए, संख्याओं को उनके घटक अंकों में विभाजित किए बिना। उदाहरण के लिए 13 – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में विभाजित करके फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(A) 53
(B) 62
(C) 59
(D) 64

Q65. **Two sets of numbers are given below. In each set of numbers, a certain mathematical operation on the first number results in the second number. Similarly, certain mathematical operation on the second number results in the third number and so on. Which of the given options follows the same set of operations as in the given sets?**
(NOTE – A two/three digit number cannot be broken into individual digits for operations e.g. if 37 is followed by 10, the operation cannot be 3+7 as a two digit number cannot be broken into individual digits)
42 - 45 - 270 - 265
25 - 28 - 168 - 163

नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी तरह आगे भी। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए समुच्चयों की तरह संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(ध्यान दें – दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में विभाजित नहीं किया जा सकता, उदाहरण के लिए यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में विभाजित नहीं किया जा सकता)
42 - 45 - 270 - 265
25 - 28 - 168 - 163

(A) 33 - 34 - 204 - 193
(B) 28 - 39 - 156 - 153
(C) 20 - 23 - 138 - 133
(D) 12 - 23 - 46 - 37

Want to clear RRB ALP CBT 1?

Prepare with **Shatābdī (शताब्दी) 1.0 – RRB Group-D Preparation Course** – structured classes, practice and doubt support for RRB ALP CBT 1.

Every PYP as an online test
Shift-wise papers with timer, score and rank.

Detailed solutions
Step-by-step answers in Hindi and English.

Free live classes
Daily classes on our YouTube channel airGurukul Railway Exams.

Exam updates
Notifications, admit cards and results on WhatsApp.

See the course

Attempt this paper online

Detailed solutions

Free classes & exam updates

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0I

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

Call / WhatsApp **+91-7042559948** · www.airgurukul.com

Section 3: General Science (Q66–73)

Q66. **If the frequency of a sound wave increases and the speed remains constant, its wavelength will:**
यदि किसी ध्वनि तरंग की आवृत्ति बढ़ जाती है और चाल स्थिर रहती है, तो उसकी तरंगदैर्ध्य:

(A) increase / बढ़ जाएगी
(B) become zero / शून्य हो जाएगी
(C) remain the same / समान रहेगी
(D) decrease / घट जाएगी

Q67. **Which type of cell has very small vacuoles?**
किस प्रकार की कोशिका में बहुत छोटी रिक्तिकाएँ होती हैं?

(A) Plant cell / पादप कोशिका
(B) Bacterial cell / जीवाणु कोशिका
(C) Fungal cell / कवक कोशिका
(D) Animal cell / जंतु कोशिका

Q68. **The colour of scattered light depends on the size of the scattering particles. Very fine particles scatter mainly which colour of light?**
प्रकीर्णित प्रकाश का रंग प्रकीर्णन करने वाले कणों के आकार पर निर्भर करता है। अत्यंत सूक्ष्म कण मुख्य रूप से किस रंग के प्रकाश का प्रकीर्णन करते हैं?

(A) Blue light / नीला प्रकाश
(B) Red light / लाल प्रकाश
(C) Green light / हरा प्रकाश
(D) Yellow light / पीला प्रकाश

Q69. **What is the product when ethanol reacts with sodium?**
एथेनॉल की सोडियम के साथ अभिक्रिया का उत्पाद क्या है?

(A) Sodium ethoxide and hydrogen gas evolve during the reaction with ethanol. / एथेनॉल के साथ अभिक्रिया में सोडियम एथॉक्साइड और हाइड्रोजन गैस निकलती है।
(B) Sodium hydroxide and oxygen gas evolve during the reaction with ethanol. / एथेनॉल के साथ अभिक्रिया में सोडियम हाइड्रॉक्साइड और ऑक्सीजन गैस निकलती है।
(C) Sodium oxide and water evolve during the reaction with ethanol only. / केवल एथेनॉल के साथ अभिक्रिया में सोडियम ऑक्साइड और जल निकलते हैं।
(D) Sodium carbonate and hydrogen gas evolve during the reaction with ethanol. / एथेनॉल के साथ अभिक्रिया में सोडियम कार्बोनेट और हाइड्रोजन गैस निकलती है।

Q70. **When an object is placed at infinity in front of a convex lens, the image formed is:**
जब किसी वस्तु को उत्तल लेंस के सामने अनंत पर रखा जाता है, तो बनने वाला प्रतिबिंब होता है:

(A) Real, inverted, and at the focus / वास्तविक, उल्टा और फोकस पर
(B) Real, erect, and at 2F / वास्तविक, सीधा और 2F पर
(C) Virtual, erect, and at infinity / आभासी, सीधा और अनंत पर
(D) Virtual, inverted, and at the focus / आभासी, उल्टा और फोकस पर

Q71. Which of the following option is INCORRECT about plasma membrane?

प्लाज्मा झिल्ली के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प गलत है?

(A) It is outermost covering of the cell / यह कोशिका का सबसे बाहरी आवरण है
(B) Plasma membrane is made up of lipid and protein / प्लाज्मा झिल्ली लिपिड और प्रोटीन से बनी होती है
(C) It is selectively permeable / यह वरणात्मक पारगम्य है
(D) It is rigid in nature / यह प्रकृति में दृढ़ (कठोर) होती है

Q72. Substances degraded easily by the biological processes are called as _____.

जैविक प्रक्रमों द्वारा आसानी से अपघटित होने वाले पदार्थ _____ कहलाते हैं।

(A) Soft material / मृदु पदार्थ
(B) Biodegradable / जैव निम्नीकरणीय
(C) Hard material / कठोर पदार्थ
(D) Non-biodegradable / जैव अनिम्नीकरणीय

Q73. When a drop of ink is placed in water, it spreads evenly without stirring. What does this demonstrate?

जब पानी में स्याही की एक बूँद डाली जाती है, तो वह बिना हिलाए समान रूप से फैल जाती है। यह क्या प्रदर्शित करता है?

(A) Particles are at rest / कण विराम अवस्था में हैं
(B) Particles are heavy and settle down / कण भारी हैं और नीचे बैठ जाते हैं
(C) Particles of matter are constantly moving / द्रव्य के कण निरंतर गतिशील रहते हैं
(D) Water reacts with ink / पानी स्याही के साथ अभिक्रिया करता है

Section 4: General Awareness (Q74–75)

Q74. The Directive Principles of State Policy in the Indian Constitution _____.

भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व _____।

(A) Cannot be questioned in courts / न्यायालयों में प्रश्नगत नहीं किए जा सकते
(B) Override Fundamental Rights in courts / न्यायालयों में मौलिक अधिकारों पर अधिभावी होते हैं
(C) Are enforceable by courts / न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं
(D) Are not enforceable by any court / किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं

Q75. Which organisation hosted the National Agro-RE Summit 2025?

राष्ट्रीय एग्रो-आरई शिखर सम्मेलन 2025 (National Agro-RE Summit 2025) की मेज़बानी किस संगठन ने की?

(A) Indian Renewable Energy Development Agency / भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था (IREDA)
(B) National Solar Energy Federation of India / नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (NSEFI)
(C) NITI Aayog / नीति आयोग
(D) Ministry of Power / विद्युत मंत्रालय

Answer Key – RRB ALP CBT 1 16 February 2026, Shift 2

1	D	2	B	3	D	4	D	5	D
6	C	7	C	8	B	9	D	10	A
11	A	12	D	13	C	14	B	15	D
16	B	17	D	18	D	19	A	20	B
21	B	22	A	23	A	24	C	25	B
26	D	27	C	28	B	29	D	30	B
31	C	32	B	33	A	34	D	35	B
36	A	37	A	38	C	39	C	40	C
41	C	42	B	43	A	44	B	45	A
46	B	47	B	48	A	49	C	50	D
51	C	52	B	53	D	54	A	55	D
56	B	57	A	58	B	59	B	60	C
61	D	62	D	63	B	64	A	65	C
66	D	67	D	68	A	69	A	70	A
71	D	72	B	73	C	74	D	75	B

Why is an answer correct?
Scan for detailed solutions of all 75 questions in Hindi & English – free with login.

Keep practising with airGurukul

All RRB ALP CBT 1 previous year papers – free PDFs, online tests and solved eBooks at **airgurukul.com/library/pyp/rrb-alp-cbt1**.

Attempt this paper online – free
Full test and section-wise tests with timer, score and rank at airgurukul.com/test-series

Join airGurukul

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0I

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

airGurukul

airGurukul Institute for Career Growth · Prince Edutech Private Limited
Call +91-7042559948 · info@airgurukul.com · www.airgurukul.com